# मैक्सी ड्रेस


***इस ट्यूटोरियल में हम सीखेंगे कि कैसे एक खूबसूरत मैक्सी ड्रेस सिलना है***





## सामग्री की सूची

45 इंच चौड़ा 4 मीटर कपड़ा
मैक्सी ड्रेस टेम्प्लेट जिसे आप हमारी वेबसाइट **www.ushasew.com** से डाउनलोड कर सकते हैं
चॉक
कैंची
मैचिंग धागा
पिंस
और उषा जनोम गेदरिंग फुट



हम सीखेंगे कि फ्रंट, बैक, योक और आस्तीन जैसे विभिन्न टुकड़ों को कैसे काटा जाए, योक को ड्रेस के फ्रंट पीस से कैसे जोड़े, बैक पीस और फ्रंट को कैसे सिलें, नेकलाइन कैसे बनाएं, आस्तीन कैसे जोड़े और अंत में साइड सीम और आस्तीन और निचले हिस्से के किनारो को कैसे सिले। क्या आप तैयार हैं?

## चरण 1 - टेम्प्लेट का निशान लगाना और काटना



अपनी पसंद का कपड़ा लें और इसे ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार इसे आधे मे मोड़ लें। अब कपड़े पर **www.ushasew.com** से डाउनलोड किए गए बैक टेम्प्लेट को रखें और पिन लगा दें। सुनिश्चित करें कि टेम्पलेट के साइड का तह वाला हिस्सा कपड़े के तह पर हो। इसके बाद हम चॉक से पिन लगाए गए कपड़े पर टेम्पलेट अनुसार निशान लगाएंगे। इसके बाद, कैंची से लगाए गए निशान के अनुसार काट लेंगे। इसे अलग रख देंगे।






अब कपड़े के बचे हुए टुकड़े को लेंगे और अन्य भागों को काटेंगे। कपड़े के 1/4**th** हिस्से को मोड़ेंगे और उस पर योक वाला टेम्पलेट रखेंगे जैसा ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। फिर टेम्पलेट पर पिन लगा देंगे और इसके अनुसार निशान लगा लेंगे। टेम्पलेट से पिन निकल दें और काटते समय स्थिरता के लिए आप काटने से पहले कपड़े पर फिर से पिन लगा सकते हैं।






अब ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार कपड़े को तह करें और फिर से उस पर योक का टेम्पलेट रखें। दूसरे योक के लिए भी यही प्रक्रिया दोहराएं। अब आपके पास योक के दो टुकड़े होने चाहिए।









इसके बाद हम फ्रंट टेम्प्लेट लेंगे और बचे हुए कपड़े पर रख देंगे। सुनिश्चित करें कि जो टेम्प्लेट के तह वाला हिस्सा है वो वह कपड़े के मुड़े हुए भाग पर हो। फिर टेम्पलेट पर पिन लगा दें और इसके अनुसार निशान लगा लें। यह बहुत ध्यान से करें क्योंकि आपको टेम्पलेट के अनुसार निशान लगाना है। यह करने के बाद, कैंची से निशान के अनुसार काट लें।अन्त में हम दो आस्तीन के टुकड़े काटेंगे। पिन लगाने, निशान लगाने, पिन हटाने की प्रक्रिया को दोहराएं और फिर कपड़े को काट लें।

## चरण 2- गेदर्स बना के और सामने वाले कपड़े को योक से जोड़ के सामने के हिस्से को तैयार करना।














कैंची से सामने के हिस्से में लगाए गए निशान पे नॉच बना लें और इंगित भाग पर गेदर्स बनाएं। ऐसा करने के लिए उषा जनोम वंडर स्टिच सिलाई मशीन पर से A फुट को हटा दें और उषा जनोम गैदरिंग फुट लगा लें। थ्रेड टेंशन डायल को 9 पर जोकि अधिकतम है और सिलाई की लंबाई 3.5 सेट करें और सिलना शुरू करें। किसी भी अतिरिक्त धागे को काटें। आपके बनाये गए गेदर्स को ऐसा दिखना चाहिए। अब योक के दो टुकड़े लें और दिखाए अनुसार उन्हें आधा में मोड़ के सेंटर मे नॉच बनाएं। दोनो टुकड़ो के लिए यही करें। हमें सामने के टुकड़े को भी आधा में मोड़ना होगा और सेंटर में नॉच बनाना होगा, इससे दोनो टुकड़ों को मिलाने में मदद मिलेगी।









यह करने के बाद, योक एक का पीस लें और सेंटर के नॉच को मैच करें और इसे सामने वाले हिस्से पर ऐसे रखें की कपड़े का सीधा भाग आमने सामने हो, जैसा ट्यूटोरियल में दिखाया गया है, और फिर दूसरे टुकड़े को लें, सेंटर के नॉच को मैच करें और इसे सामने के हिस्से वाले कपड़े के नीचे रखें जहां योक का सीधा भाग कपड़े के उल्टे भाग के सामने है। इन तीनों टुकड़ों को बिलकुल वैसे ही पिन करें जैसा ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। योक में इंगित भाग कंधे का हिस्सा है और यह आर्महोल वाला हिस्सा है। कंधे और दोनो बाजुओ के छेदों को मिलाएं और उनमे पिन लगा दें। बाकी बचे हुए हिस्सो पे भी पिन लगा दें, यह थोड़ा मुश्किल है इसलिए ध्यान से करें। आपके पिन लगाने के बाद, आपके सामने का हिस्सा इस तरह दिखना चाहिए। इसे योक कहा जाता है।





हम वापस मशीन पर जायेंगे और इन्हे एक साथ सिलेंगे, हमने पहले ही गैदरिंग की जगह A फुट को लगा दिया है। अब प्रेसर फुट के किनारे के साथ गोल योक को संरेखित करें और सिलना करना शुरू करें, सिलने के साथ-साथ पिंस को हटाते रहें। सिलने के बाद ये इस तरह दिखना चाहिए।

## चरण 3- आगे और पीछे के टुकड़े को जोड़ना

अब हम पीछे के टुकड़े को लेंगे और इसे सामने के टुकड़े पर रख देंगे और कंधे को ऐसे मिलाएंगे की कपड़े के सीधे भाग आमने सामने हो। हम इसमे पिन लगाएंगे और एक साथ सिल देंगें। सिलाई को मजबूत करने के लिए शुरू और अंत में रिवर्स सिलाई करना न भूलें। सभी अतिरिक्त धागे काट लें। दूसरे कंधे पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं।






## चरण 4- नेकलाइन फिनिश करना


अब हम नेकलाइन बनाएंगे। इस कपड़े से 1 इंच ऽरेब पट्टीकाटें। अपने कपड़े से एक ऽरेब पट्टीकाटना सीखने के लिए **www.ushasew.com** पर टेंट ड्रेस वाला ट्यूटोरियल देखें। समय बचाने के लिए हमने पहले ही एक काट के रखा है। इसे आधे में मोड़ें और इसे कपड़े के दाईं ओर नेकलाइन से मिलाएं। स्ट्रिप के खुले सिरे शीर्ष पर होने चाहिए जहाँ आप सिलाई करेंगे। सब तरफ से सिलें और बचे हुए किसी भी अतिरिक्त कपड़े को काट दें। सिलने के बाद यह ऐसा दिखना चाहिए। अच्छा दिखने के लिए शुरू में ऽरेब पट्टीको मोड़ें और अंत में ओवरलैप करें। एक अच्छा फिनिश देने के लिए सामने किनारे की सिलाईकरें। यह करने के बाद, दिखाए अनुसार नेकलाइन में स्लैश बनाएं, यह सर्कल को समतल कर देगा और यह सुनिश्चित करेगा कि यह गर्दन के चारों ओर ठीक से बैठ जाये। इस चरण को पूरा करने के बाद, ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार ऽरेब पट्टीको अंदर की तरफ मोड़ें और तह के ऊपर सिल दें। तब तक सिलते रहें जब तक कि आप नेकलाइन के अंत तक नहीं पहुंच जाते, फिर किसी भी अतिरिक्त धागे को काट लें।

बहुत अच्छे! हमारी नेकलाइन पूरी हो गई है और अब हम आस्तीन सिलेंगे।












## चरण 5- आस्तीन को जोड़ना

अपनी आस्तीन को लें और उन्हें आधे मे मोड़ दें और नॉच को सेंटर मे रखें। सुनिश्चित करें कि आस्तीन, ड्रेस के आगे के और पीछे के हिस्से मेल खाते हो। इन सेंटर नॉच को कंधे के टुकड़ों से मिलाएं। ऐसा करने के लिए, ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार आस्तीन को पिन करें। यह दोनों आस्तीन के लिए करें। पिन को ध्यान से लगाएं। आप तैयार हैं? अब सिलना शुरू करें।

पिन लगाए हुए साइड को प्रेसर फुट के किनारे के साथ संरेखित करें और सिलाई शुरू करें। सिलने के साथ-साथ पिन को हटाना याद रखें।

इसी प्रक्रिया को दूसरी तरफ दोहराएं। यह करने के बाद, आस्तीन के जोड़ पर किसी भी अस्तव्यस्त किनारे से बचने के लिए हम जिग जैग सिलाई करेंगे। पैटर्न सिलेक्टर डायल को **C** पर और सिलाई की लंबाई 1.5 पर सेट करें और सिलना शुरू करें।









याद रखें जब जिग जैग स्टिच करते हैं तो रिवर्स स्टिच लगाने की जरूरत नहीं होती है। ऐसा दोनों तरफ किया जाएगा। यह दोहरा काम लग सकता है लेकिन हम वादा करते हैं कि यह इसके लायक है। सिलने के बाद यह ऐसा दिखेगा। इसके लायक था

## चरण 5- साइड सीम और हेमलाइन को सिलना





अब सिलने का अगला नंबर साइड सीम का है। ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार कपड़े को आधे में मोड़ें ताकि यह एक ड्रेस जैसा दिखे। हम दोनों तरफ इंगित क्षेत्र को सिलेंगे और आस्तीन और ड्रेस के निचले हिस्से को हेम करेंगे। चलिए शुरू करें।

साइड सीम को संरेखित करें, पहले आस्तीन को प्रेशर फुट के साथ, लेकिन पहले स्ट्रेट स्टिच के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल को A पर और सिलाई की लंबाई 2.5 पर सेट करें। सिलाई शुरू करें और नीचे सिलते जाएं। इसे धीरे-धीरे और स्थिर रूप से करें। अंत तक सिलने के बाद सिलाई को मजबूत करने के लिए रिवर्स स्टिच करना न भूलें। फिर दूसरी तरफ भी इसी प्रक्रिया को दोहराएं। यह करने के बाद, अतिरिक्त धागे को काट लें और दोनों साइड सीम पर जिग-जैग स्टिच लगाएं। इस ट्यूटोरियल मे समय बचाने के लिए हमने ऐसा पहले ही कर रखा है। लेकिन यह सुनिश्चित करें कि आप इसे करना न भूलें क्योंकि यह ड्रेस को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है।



चलो अब आस्तीन पर हेम लगातें हैं। ऐसा करने के लिए, आस्तीन को चौथाई इंच दो बार मोड़ें और उस पर सीधी सिलाई करें। पूरी आस्तीन को सिलें और सिलते समय ठीक करते रहें। धागे को काट लें और दूसरी तरफ इसी प्रक्रिया को दोहराएं। अंत मे आपकी सिलाई ऐसी दिखनी चाहिए। यह करने के बाद, ड्रेस के निचले भाग में जाएं और बिल्कुल आस्तीन की तरह एक चौथाई इंच दो बार मोड़ें और पूरा सिलें। अंत मे आपकी सिलाई इस तरह दिखेगी।



बस पुनरावृत्ति के लिए, हमने साइड सीमों को सिलाई की है और आस्तीन और ड्रेस के निचले हिस्से को हेम किया है। इसके साथ ही हमने सिलाई पूरी कर ली है।

क्या यह प्यारा नहीं लग रहा? हम इस ड्रेस को शॉपिंग, मूवी नाईट, ब्रंच के लिए पहनेंगे और सभी आराम के दिनो में। यह ज्यादा मेहनत के बिना भी सुपर स्टाइलिश लग रहा है। हमें बताएं की आप इस ड्रेस के बारे में क्या सोचते हैं। कमेंट करें और हमें बताएं कि आप आगे क्या देखना चाहते हैं और कमेंट, लाइक और शेयर करना न भूलें।

